पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in

रक्तदान शिविर

25 जुलाई 2018

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा – बिरकोना शाखा के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा तथा भारतीय रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में अधिकारी / कर्मचारियों के लिये स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के मान. कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह एवं कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव ने सबसे पहले एक–एक यूनिट रक्तदान किया। कुलपति जी ने सभी को रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया। कुलसचिव ने रक्तदान से होने वाले लाभों को बताया तथा रक्तदान से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया।

रक्तदान शिविर में अधिकारियों / कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस शिविर में 34 यूनिट रक्त जमा हुआ जिसमें छः महिला कर्मचारियों के द्वारा भी रक्तदान किया गया। पूरे शिविर में 89 अधिकारी / कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन व ईसीजी की निःशुल्क जांच की व्यवस्था की गई। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में भारतीय रेडक्रास सोसायटी, बिलासपुर इकाई की टीम, सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ के सभी सदस्यगण एवं बैंक ऑफ बड़ौदा, बिरकोना शाखा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

रक्तदान को महादान कहा गया है। इस शिविर के माध्यम से रक्दान के महत्व से सभी परिचित हुए। इसके संबंध में भ्रांतियों का निराकरण हुआ। रक्तदाताओं ने भविष्य में भी रक्तदान करने का संकल्प लिया। और इन्होंने रक्तदान के अनुभव को सभी से साझा किया।

संयोजक
सामाजिक उत्तरदायित्व
प्रकोष्ठ

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

ओपन यूनिवर्सिटी में 34 ने रक्तदान व 89 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

एजुकेशन रिपोर्टर | बिलासपुर



ओपन यूनिवर्सिटी में रक्तदान करते अधिकारी-कर्मचारी।

पं. सुन्दरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में बुधवार को विश्वविद्यालय के सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ, बैंक ऑफ बड़ौदा विश्वविद्यालय शाखा और भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, बिलासपुर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में अधिकारी-कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह व कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव ने रक्तदान के बारे में लोगों की भ्रांतियों को दूर किया और रक्तदान के लाभ बताए। भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, बिलासपुर इकाई की टीम ने चिकित्सक के निर्देशन में पूर्ण सहयोग किया। शिविर में 34 यूनिट का रक्तदान किया गया। इसमें 6 महिला कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, बिलासपुर द्वारा 'रक्तदान प्रमाण-पत्र' प्रदान किया गया। इस शिविर में कुल 89 अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच व ईसीजी की निःशुल्क जांच कराया। शिविर में डॉ. एस रूपेंद्र राव, दीपक पाण्डेय, डॉ. नीलिमा तिवारी, डॉ. सुषमा सोलंकी, हरीशचंद्र वैष्णव, डोंगेश्वर साहू, नवीन साहू, कमलेश साहू, सच्चिदानंद धीवर, नंदकिशोर यादव, हेमलाल दुबे, अन्नपूर्णा कौशिक, शिरीष मिश्रा, हरदीप साहू, अतुल करिहार, विनोद कुमार साहू, नमिता शर्मा, महेन्द्र कश्यप, प्रकाश चंद तिवारी, सुकृता तिवारी, ऐश्वर्या सागर, राजेश उइके, सौरभ वर्तक, संतोष पाण्डेय, दीपक दुबे, आशीष मिश्रा, ओंकार सिंह, मयंक, मोहित आनंद, देवाल सिंह ने रक्तदान किया।

...जीवित रखने   बाबा थांवरदास का जन्मोत्सव 29 को

दैनिक भास्कर 26/जुलाई 2018

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur